

दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 25 मुरादाबाद, 15 May 2023 (Monday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# जन शक्ति: 'मन की बात' से प्रेरित कलाकृति देखने NGMA पहुंचे पीएम मोदी, कैटलॉग संदेश पर किए हस्ताक्षर

संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रदर्शनी के वॉकथ्रू पर ले जाया गया, जहां कलाकारों को अपने कार्यों और मन की बात के विषयों के बारे में बात करने का अवसर मिला, जिसने उन्हें प्रेरित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी पूरा होने के मौके पर यहां नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में आयोजित विषयगत प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रदर्शनी जन शक्ति: ए कलेक्टिव पावर में कई प्रमुख कलाकारों के काम को दिखाया गया है।



संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रदर्शनी के वॉकथ्रू पर ले जाया गया, जहां कलाकारों को अपने कार्यों और मन की बात के विषयों के बारे में बात करने का अवसर मिला, जिसने उन्हें प्रेरित किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने जयपुर हाउस के गुंबद पर जन शक्ति प्रदर्शनी का इमर्सिव प्रोजेक्शन शो भी देखा।

उन्होंने कहा, कलाकृतियों को देखने के बाद प्रधानमंत्री ने जन शक्ति प्रदर्शनी सूची पर हस्ताक्षर किए और मन मंदिर की यात्रा सुखद हो संदेश लिखा। सूची पर 13 कलाकारों ने पहले से हस्ताक्षर किए थे। मोदी ने ट्विटर पर अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने ट्वीट किया, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में जन शक्ति (प्रदर्शनी) का दौरा किया। यह मन की बात एपिसोड में कुछ विषयों पर आधारित कला के अद्भुत कार्यों की एक प्रदर्शनी है। मैं उन सभी कलाकारों को बधाई देता हूं जिन्होंने अपनी रचनात्मकता से प्रदर्शनी को समृद्ध किया है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, यहां नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, दिल्ली में जन शक्ति प्रदर्शनी की कुछ और झलकियां हैं। मंत्रालय ने पहले बताया था कि प्रदर्शनी में योगदान देने वाले कलाकारों में मनु पारेख, माधवी पारेख, अतुल डोडिया, परेश मैती, प्रतुल दास, जी आर इरन्ना, जगन्नाथ पांडा और जितेन ठुकराल शामिल हैं। प्रदर्शनी भारत की कलात्मक विविधता प्रदर्शित करती है और यह वर्षों से मन की बात कार्यक्रम में हाइलाइट किए गए विषयों से प्रेरित है। मन की बात कार्यक्रम 3 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया था और हर महीने के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे पूरे ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) और दूरदर्शन (डीडी) नेटवर्क पर प्रसारित किया जाता है। 30 मिनट के कार्यक्रम का 100 वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित किया गया था। कलाकृतियों के विषयों में जल संरक्षण, नारी शक्ति, कोविड-19 पर जागरूकता, स्वच्छ भारत, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, योग, विज्ञान और अंतरिक्ष, अमृत काल और भारत 100 और पूर्वोत्तर भारत शामिल थे। प्रदर्शनी 30 अप्रैल को खुली थी और जानी-मानी कलाकार अंजोली इला मेनन ने इसका उद्घाटन किया था।

# मोदी लहर खत्म हो गई है, संजय राउत बोले- तानाशाही को भी हराया जा सकता है

संजय राउत ने कहा कि शरद पवार की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी और उसकी तैयारी शुरू हो गई है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत का कहन है कि मोदी लहर खत्म हो गई है और अब उनकी लहर आने वाली है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर संजय राउत ने कहा कि बजरंग बली ने भाजपा का नहीं बल्कि कांग्रेस का साथ दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को शरद पवार के घर पर 2024 की तैयारियों को लेकर अहम बैठक होगी।




## मोदी लहर खत्म

संजय राउत ने कहा कि मोदी लहर खत्म हो गई है और अब देश में हमारी लहर आने वाली है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए हमारी तैयारी शुरू हो गई हैं। आज शरद पवार की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी और उसकी तैयारी शुरू हो गई है।% कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर राउत ने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने बता दिया कि तानाशाही को हराया जा सकता है। कांग्रेस को जीत मिली है तो इसका मतलब है कि बजरंग बली कांग्रेस के साथ हैं ना कि भाजपा के साथ। हमारे गृहमंत्री कह रहे थे कि अगर भाजपा हारती है तो दंगे होंगे। कर्नाटक में सब शांति और खुश हैं। दंगे कहां हो रहे हैं? संजय राउत ने कहा कि रविवार शाम साढ़े चार बजे एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर महाविकास अघाड़ी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, नाना पटोले, अजित पवार, बालासाहेब थारोट और अन्य नेता शामिल होंगे। बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से विपक्ष उत्साहित है और एक तरह से 2024 के लिए ना सिर्फ कांग्रेस बल्कि पूरे विपक्ष को संजीवनी मिल गई है।

# बजरंग बली भाजपा के साथ नहीं हैं, उनका आशीर्वाद तो हमें मिला है- भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्नाटक चुनाव के नतीजों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि बजरंग बली भाजपा के साथ नहीं हैं। उनका आशीर्वाद तो हमें मिला है। बजरंग बली हमेशा अन्यायी और अत्याचारियों को परास्त करते रहे हैं। यही कर्नाटक में हुआ है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बजरंग बली भाजपा के साथ नहीं हैं।



हमारे साथ हैं। उनका आशीर्वाद हमें मिला है। बजरंग बली हमेशा धर्म के साथ हैं भूपेश बघेल ने कहा, बजरंग बली हमेशा धर्म के साथ हैं। बजरंग बली हमेशा अन्यायी और अत्याचारियों को परास्त करते रहे हैं। कर्नाटक में यही हुआ है और आगे भी यही होने वाला है। बजरंग बली हमेशा धर्म के साथ हैं और बजरंग बली हमेशा अन्यायी और अत्याचारियों को परास्त करते रहे हैं, कर्नाटक में यही हुआ है और आगे भी यही होने वाला है। बीजेपी के साथ तो बजरंग बली नहीं हैं...बजरंग बली का आर्शीवाद तो हमें मिला है- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, रायपुरभाजपा के साथ नहीं हैं बजरंग बली बघेल ने कहा कि भाजपा के साथ बजरंग बली नहीं हैं। बजरंग बली का आर्शीवाद तो हमें मिला है।

# सीबीआई के नए निदेशक नियुक्त हुए प्रवीण सूद, कर्नाटक से है नाता, दो साल का रहेगा कार्यकाल

कमेटी ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया था। उसके बाद इन नामों को कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी के पास भेजा गया था। इस कमेटी ने सीबीआई के नए अध्यक्ष का नाम तय किया। प्रवीण सूद को सीबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रवीण सूद की नियुक्ति दो साल के लिए हुई है। प्रवीण सूद इससे पहले कर्नाटक के पुलिस चीफ भी रह चुके हैं। प्रवीण



सूद, सीबीआई के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो गया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी ने प्रवीण सूद का नाम फाइनल किया। इस कमेटी में पीएम मोदी के अलावा, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, नेता विपक्ष लोकसभा अधीर रंजन चौधरी भी शामिल रहे। प्रवीण सूद को सीबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रवीण सूद की नियुक्ति दो साल के लिए हुई है। प्रवीण सूद इससे पहले कर्नाटक के पुलिस चीफ भी रह चुके हैं। प्रवीण सूद, सीबीआई के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो गया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी ने प्रवीण सूद का नाम फाइनल किया। इस कमेटी में पीएम मोदी के अलावा, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, नेता विपक्ष लोकसभा अधीर रंजन चौधरी भी शामिल रहे। तीन अधिकारियों के नाम हुए थे शॉर्ट लिस्ट- कमेटी ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया था। उसके बाद इन नामों को कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी के पास भेजा गया था। इस कमेटी ने सीबीआई के नए अध्यक्ष का नाम तय किया। जिन तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, उनमें कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद, फायर सर्विस, सिविल डिफेंस और होम गाइर्स के डीजी ताज हसन और मध्य प्रदेश के डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना का नाम शामिल था। 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं सूद- सीबीआई निदेशक का पद संभाल रहे हैं, जब एजेंसी कई संवेदनशील मामलों की जांच कर रही है। इनमें पेगासस स्पाईवेयर, कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सा उपकरणों की खरीद में घोटाला जैसे मामले शामिल हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले, लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटों पर जीत के संकल्प को मिली मजबूती

यूपी निकाय चुनाव में जीत से उत्साहित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि इस जीत से नगरीय विकास में तेजी आएगी और लोकसभा में यूपी की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को मजबूती मिलेगी।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा निकाय चुनाव में पार्टी को मिला अभूतपूर्व समर्थन लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को मजबूती देगा। पार्टी की जीत पर उन्होंने मतदाताओं व पार्टी



कार्यकर्ताओं को बधाई दी हैउन्होंने कहा कि जनता ने फिर विपक्ष की नकारात्मक राजनीतिक सोच को नकार कर सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास को तवज्जो दी है। पार्टी ने हर कार्यक्रम व अभियान को अंजाम तक पहुंचाकर जीत का स्वर्णिम इतिहास रचा है।प्रदेश में ट्रिपल इंजन जुड़ने से केंद्र व राज्य सरकार की नगरीय विकास की गति में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि खुशहाली व समृद्धि की ओर बढ़ता यूपी जनता के फैसले से और अधिक निखरेगा। यही नहीं प्रदेश में सपा-बसपा सहित तमाम विपक्षी दलों के स्वघोषित गढ़ों को ढहा कर जनता ने स्वार व छानबे विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भी भाजपा गठबंधन को विजय का आशीर्वाद दिया है।

# 12वीं की परीक्षा में लखनऊ के आर्यन बने टॉपर, प्राप्त किए 99.75 प्रतिशत अंक

आईसीएसई व आईएससी बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें शहर के कई मेधावियों ने अपनी प्रतिभा को साबित कर शहर का नाम रोशन किया है। काउंसिल आफ इंडियन सर्टिफिकेट स्कूल एग्जामिनेशन की आईएससी परीक्षा में मोहम्मद आर्यन तारिक ने देशभर में पहला स्थान हासिल करके लखनऊ का नाम रोशन किया है। सिटी मांटेसरी स्कूल की राजाजीपुरम शाखा के छात्र आर्यन ने 12वीं में 99.75% अंक



हासिल किए हैं।सीएमएस की ही दो छात्राएं देशभर में बारहवीं में दूसरे स्थान पर हैं। राजाजीपुरम शाखा की छात्रा अर्पिता सिंह और सीएमएस गोमती नगर की छात्रा आयशा खान ने 99.50 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा लखनऊ के काफी बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया है।

## डॉक्टर बनना चाहता है आर्यन

काउंसिल की परीक्षा में देश भर में पहला स्थान हासिल करने वाले आर्यन डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा करना चाहते हैं। आर्यन के पिता तारिक नफीस प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि मां इमाइला गृहिणी हैं। आर्यन के अनुसार डॉक्टरी ही ऐसा पेशा है जिसमें आप सीधे तौर पर न सिर्फ मरीज की मदद कर सकते हैं बल्कि उनकी जान भी बचा सकते हैं। परीक्षा में सफलता हासिल करने पर आर्यन का कहना है कि चीजों को रटने के बजाय विषयवार टॉपिक क्लियर करने पर जोर देना चाहिए। इससे पढ़ा हुआ याद रहता है और परीक्षा के समय कोई समस्या नहीं आती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ढ्ढष्टस्श्व व ढ्ढस्ष्ट की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व गुरुजनों को हार्दिक बधाई! आप सभी नए उत्तर प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य हैं। कठोर परिश्रम व अटूट लगन से जीवन की हर परीक्षा में ऐसे ही उत्तीर्ण होते रहें, यही कामना है। मां सरस्वती की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे।

# संपादकीय Editorial

## Two constitutional decisions

The five-judge constitution bench of the Supreme Court has given two very important and constitutional judgements. One is who is the 'boss' of Delhi and under whose control will the administrative services be? The second decision is that Eknath Shinde's government will continue in Maharashtra. Relief cannot be given to Uddhav Thackeray as he had resigned from the post of Chief Minister even before the majority test in the House.

The constitution bench cannot cancel his resignation. In the context of both the judgments, the Constitution Bench has repeatedly explained the aspects of the Constitution, democracy, federalism, unnecessary interference of the Central Government through the Lieutenant Governor or Governor and misuse of broad powers of the Centre.

Of course, Delhi is a semi-state and a union territory, but after the 1991 law, it has an assembly and a government elected by the people. Of course not a full state, yet Delhi has the right to make laws. This is the interpretation of Chief Justice Justice DY Chandrachud.

The Constitution Bench has given a unanimous decision that the Lieutenant Governor (LG) is not the only surveyor in Delhi. He is bound to follow the decisions of the Delhi government and act as per the advice of the cabinet.

The powers of the LG do not give him the right to interfere with the powers of the Delhi Assembly and the elected government. Since the elected government is accountable to the people of its area and has to take care of the demands of the public, it must have an administrative structure under its control. It has been decided that the Kejriwal government will have the right to appoint and transfer officers. Of course, the cadre of officers is basically under the Government of India, but the state governments can decide their posting and transfer. The center should not take over the rights of the state through LG.

If the Center will retain all the legislative powers, then the federal structure itself will end. This comment was also made by the Chief Justice, who was heading the constitution bench.

Raita was spread between the Kejriwal government and the LG of Delhi for more than 9 years. There was tension in administrative relations as well. Aam Aadmi Party MLAs and leaders also used abusive words towards LG.

Since AAP is getting huge mandate in Delhi and BJP is present in the House with a handful of MLAs, the strategy must have been decided at the level of Prime Minister Modi and BJP's top leadership that Kejriwal government should not be allowed to work.

Now after the decision of the constitution bench, BJP should reconsider its strategy and agenda.

Till now there were questions of confusion that who will run Delhi? Who is the 'Executive Chief' of Delhi? Who will take the decisions related to the Delhi half-state? Who will have control over the bureaucracy? How far can the central government interfere? Now the Constitution Bench has given a clear explanation that the issues of police, land and public order will be under the control of the Government of India through the LG.

Rest of the decisions will be taken by the elected Kejriwal government. The second decision has been taken regarding Maharashtra. The present BJP-Shiv Sena government will continue. However, the Constitution Bench has questioned the decisions of the then Governor Bhagat Singh Koshyari and Assembly Speaker Rahul Narvekar.

# Message from the Congress victory in Karnataka

This was the only BJP government in the south, so this state should have been made a model of good governance in front of other southern states. That didn't happen. The state government remained mired in corruption. The issues of the state were not taken seriously. Double engine governments failed to deal with inflation and unemployment. When the exit poll trends gave a jolt to the Bharatiya Janata Party, the Congress too probably did not expect such a victory. But the results came and came in plenty. After coming to power, the Bharatiya Janata Party has hardly faced such a crushing defeat in any state. The results of Karnataka have brought a very deep message for both the major parties. Neglect of this message may cost both the parties in the next Lok Sabha elections. Let's talk about Bharatiya Janata Party first. BJP will now have to accept that Narendra Modi is not the key to every lock. In eight-nine years, the party and the government have come down to just two persons. In this party, now the National President is also informed to extend the term by issuing a circular. Obviously, this sends a message that there is someone above the national president and there is no democracy within the party itself. There is no hidden magic behind the humiliating defeat in the Karnataka elections. The party leaders first neglected and insulted the leaders of the state. Later, when he realized his mistake, he was made to sit on the side. But no one forgets the sting of insult. There was a lot of panic. That is why the party got settled in the state. Secondly, this was the only BJP government in the south, so this state should have been made a model of good governance in front of other southern states. That didn't happen. The state government remained mired in corruption. The issues of the state were not taken seriously. Double engine governments failed to deal with inflation and unemployment. Apart from this, BJP has to understand that now votes are not obtained only on the basis of religion. The voter of modern India also looks at work. Needless to say that all BJP governments have proved to be laggards in terms of development. He doesn't have any vision. Apart from the Center, she also wants to win the Assembly elections in the name of the Prime Minister. This is a disability of thinking and a proof of lack of understanding of democracy. Now talking about Congress- On the other hand, the reasons for the grand victory of Congress are also very clear. The first biggest reason is that the National President Mallikarjun Kharge is a resident of Karnataka. Even today his name has prestige in the state. His credentials presented the Kannada version of the Congress to the voters. Although a local Kannada version was also in front of the voter in the form of JDS, but it did not have that credibility in terms of work. People were fed up with that regional party. The Kannada voter was faced with both local and national issues. He was not trusting JDS on local issues and BJP had failed on national issues. Congress used to survive by giving and taking. Kharge's face was strengthened by the pair of DK Shivakumar and Siddaramaiah. Rahul Gandhi's Bharat Jodo Yatra and Priyanka Gandhi's stormy meetings also worked. Big message for other states- The victory in Karnataka elections has brought a big message for the Congress. Now he has to keep in mind that he has to strengthen his organization in the states. In the coming days, if he pays attention to the organization in Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Rajasthan, then his victory is sure in these states also. In Madhya Pradesh and Rajasthan, the organization is still divided into several groups and they are not uniting. In any case, the Congress will have to put its house in order. Everything is at stake for JDS - As far as JDS is concerned, now everything is at stake. It is a question of its existence. The speed that was achieved by Nitish Kumar's party in Bihar, will be the same for him. In fact, for regional parties, their personal interests are paramount. Ideological basis means nothing to them. Wherever their selfishness prevails, they roll down like a bottomless pot. Therefore, on the pretext of JDS, this is a message and warning to all the regional parties of India that their political existence is only when they do the politics of principles and concerns. They have to understand that Indian democracy is maturing now. Voters cannot be fooled for long.

# Manthan: The power of a single victory... Opposition unity can no longer think of Congress side-by-side

Now it will not be possible for them to keep aside the newly confident Congress for opposition unity, who have been projecting themselves as contenders for the leadership at their respective levels. Secondly, the power of satraps has also got a new shape in Congress. How the 'Grand Old Party' will balance this with its traditional high command structure remains to be seen. There has been a dent in the fort of BJP. And this dent was not unexpected. The interesting thing is that there is no song of development and configuration in this whole story. It's just recycling the eternal winning formulas. The BJP formula that has been repeatedly criticized is an attempt to establish a pan-Hindu identity or, in a variant, the slogan of the revival of the Indian cultural core - which has been converted into legitimate political currency by the inclusive politics of Narendra Modi . Putting that currency in trouble has been the natural priority of the opposition. The opposition knows that this currency of Modi is not made easily. Pan Hinduism or Akhil Hindutva may be an attractive slogan, but the complex social composition of the voter community in Indian politics has its own strengths and weaknesses. In this, the failures of the opposition under the surface and the same so-called social engineering have a hand, due to which the power of the Congress and then the regional satraps was formed and deteriorated. The question is how to reclaim the lost land? Even today, when the Patwaris of politics, who give very idealistic lectures, sit with their inch-tape, then they consider the entire Muslim population as a 'chunk' and the 'winning candidate' by mixing them with different 'chunks' of castes among the Hindu voters. determine the possibilities. Corruption, poverty, exploitation and development remain mere item numbers of this film. Realizing the truth of this spice, Narendra Modi's BJP gave edge to its core agenda 'All Hindutva', parallel worked on the truth of castes. Those classes were searched, whose status was left marginalized in the traditional game of politics of the exploited-deprived. Knowing that the magic of pan-India cultural nationalism cannot be worked by mere call or tripund, the base of electoral victory was prepared by summing up the ground data. Evidently, for this, the ever-spreading unease with the vote math on the ground, the economic turmoil, the ongoing internal conflicts at various levels, the hidden feelings of being oppressed - all morphing into a cohesive force of a progressive and corruption-free ruler The creation of an image was imperative. Without this, the flag of nationalism cannot be hoisted. That's why Narendra Modi does politics 24 x 7 and keeps himself puffed up. The opposition was taken aback by this attack for a long time. He had morale scattered in the wind. They had their own cars. Karnataka's victory has given him an assurance. He is slowly recovering from his swoon for his own interests. His attention has again turned to the cracks through which he can turn traditional contradictions into strength. He can also hold Ramayana fairs and can also give projects to the same industrialists against whom he speaks, and there is no duplicity in doing this, it has been well understood politically. Polarization is now a fact which has been tacitly accepted by all. This genie is constantly hungry and keeps asking for his head. No one is in a hurry to bottle it up. Public versus politics, dreams, desires and satisfaction - they are going to be temporary and eternal. Now you see that Himachal's problem has been limited to the account of old pension. Punjab surrendered to AAP without any ideology. What is the relationship between Hindutva slogans and nationalist power, it was seen by everyone in Maharashtra, where even milk and lemon were ready to mix together. The matter of truth and principle is one currency. The truth lies in how you can turn the numbers in your favor. That's why Tipu Sultan and Bajrangbali became very useful idioms in Karnataka. Those who explain victory and defeat there are still not talking about the corruption of power or the failure of the local leadership as much as about Deve Gowda's power-accumulation or power-loss. It is being said that when Kumaraswamy clearly told his candidates that we do not have the money to spend the election, more than ten people had returned the tickets. While the Congress was confident because of the all-rounder DK Shivakumar. It is being asked that the voters of BJP remained there, their vote percentage remained the same, but to what extent the Muslim voters of JDS went with Congress to defeat BJP? Where have the Vokkaligas and Lingayats gone? How are those who left the party from BJP winning? How have many active moneylender politicians made their way? 'Sovereign State', 'Join India', 'Forty Percent' or 'Single Engine' - which one should be celebrated more? That is, the questions of political life and death have come to stand on the same permanent support. Apart from this, the political reality is that now it will not be possible for the opposition unity to keep aside the newly confident Congress, who have been projecting themselves as contenders for the leadership at their respective levels. But it is equally true that unless the Congress crosses 100 seats in the Lok Sabha, it is hardly possible to directly accept its leadership in the opposition. Secondly, the power of satraps has also got a new shape in Congress. The crisis of two or two leaders in Congress-ruled states is well known. grand old party it How it will balance with its traditional high command structure, it will be a matter to be seen. The challenge for the BJP, which is simultaneously listening to the news of its landslide victory in the mayoral elections in UP, is bigger and different. Their strategists are wondering how the organizational structure and local leadership will be able to overcome Modi's image alone? A little anti-incumbency, a little contradiction, a little ambition and a lot of speed – these are the basic factors of the political game. That's why a big politician had clearly said, corruption and anarchy have now become ornaments. The system will fight it with time. The real thing is how you make things work in your favor at the right time.

## कैमरे के किराए को लेकर हुई थी प्रेम की हत्या, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



मुरादाबाद- थाना मझोला के क्षेत्र बुद्धि विहार में पिछले दिनों हुई प्रेम शर्मा की हत्या करने वाले दो आरोपी विशाल उर्फ बाबा और विकास को मझोला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी हेमराज मीना ने इसका खुलासा किया। आठ मई को मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार में प्रेम शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दो हत्यारोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि दोनों हत्यारोपियों की तलाश में जिले की एसओजी टीम के साथ क्राइम ब्रांच यूनिट और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। आरोपियों के ठिकानों की लोकेशन ट्रेस होने के बाद सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर के निर्देशन में एक टीम नामजद विशाल उर्फ बाबा और विकास की तलाश में भेजी गई। जिसके बाद इन्हे पकड़ लिया गया। एसएसपी ने बताया कि हत्यारोपियों की निशानदेही पर आला कत्ल 32 बोर का पिस्टल, एक तमंचा 315 बोर, कारतूस व एक बाइक भी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि डीएसएलआर कैमरे के किराए को लेकर हत्यारोपियों का प्रेम के दोस्तों से झगड़ा हुआ था। इसी की रंजिश में दोनों ने प्रेम शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। एसएसपी ने हत्यारों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल अपराध इंस्पेक्टर जयदेव, दरोगा ओमकार सिंह, मेघराज सिंह, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, सिपाही गुरदीप, दीपक कुमार व विकास दीप की प्रशंसा की हैं।

## संभल के हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या, गन्ने के खेत में मिला शव



मुरादाबाद- मुरादाबाद/कुंदरकी- जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में संभल के हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव बाहपुर की मिलक में गन्ने के खेत में मिला। उसकी पीठ में दो गोली मारी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने उसके ही साथी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार सुबह थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव बाहपुर मिलक में सड़क किनारे स्थित किसान रणवीर सिंह के गन्ने के खेत में एक शव लावारिस हालत में पड़ा मिला। सुबह के समय दौड़ लगाने वाले युवकों की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुंदरकी थाना एसएचओ सुनील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर में ही एसपी देहात संदीप कुमार मीणा व सीओ बिलारी अंकित कुमार भी घटना स्थल पहुंचे और दोनों ने मौका मुआयना किया। मृतक की पीठ पर गोली के दो निशान मिले। मरने वाले के एक हाथ में चाकू और दूसरे हाथ में मोबाइल फोन मिला। उस फोन पर बार-बार काल आ रही थी। जिसे पुलिस ने रिसीव किया तो पता चला कि काल मृतक की बेटी की है। फोन की मदद से उसकी पहचान संभल के असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी हिस्ट्रीशीटर नाजिम पुत्र मुस्लिम के रूप में हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच पड़ताल कराई। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिस जगह पर हत्याकांड को अंजाम दिया गया है, उसी के पास चार किसानों के ट्यूबवेल से चोरी हुई है। इसलिए पुलिस इस हत्याकांड को चोरी के दौरान हुए विवाद से जोड़कर देख रही है। फिलहाल पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर नाजिम के साथी राजीव निवासी जाटव मोहल्ला गजरौला जिला अमरोहा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस हत्याकांड की जांच के साथ ही आरोपी राजीव की तलाश में जुट गई है। थाना कुंदरकी क्षेत्र के बाहपुर की मिलक में गन्ने के खेत में संभल के हिस्ट्रीशीटर नाजिम का शव मिला है। उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। पत्नी की तहरीर पर नाजिम के साथी राजीव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।- **हेमराज मीना, एसएसपी**

## SP के पास से गई तीन नगरपालिकाओं की कमान, BJP के प्रदर्शन में सुधार



2017 के निकाय चुनाव में इन तीनों नगरपालिकाओं में सपा के प्रत्याशी जीते थे। इस बार इनमें दो पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया है तो एक सीट आम आदमी पार्टी (आप) के खाते में चली गई है। नगर निकाय चुनाव के परिणाम जिले में सपा के लिहाज से अच्छे नहीं हैं। सपा के पास से रामपुर, मिलक और बिलासपुर नगरपालिका की कमान चली गई है। 2017 के निकाय चुनाव में इन तीनों नगरपालिकाओं में सपा के प्रत्याशी जीते थे। इस बार इनमें दो पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया है तो एक सीट आम आदमी पार्टी (आप) के खाते में चली गई है। जिले की पांच नगरपालिकाओं में से किसी एक में भी सपा के प्रत्याशी को जीत हासिल नहीं हुई है। तीन नगर पंचायतों में मिली जीत पर ही सपा को संतोष करना पड़ रहा है। शनिवार को स्वार विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के साथ-साथ 11 निकायों में 04 मई को हुए मतदान के मतों की गिनती हुई। स्वार में सपा को शिकस्त का सामना करना पड़ा। इसके अलावा सपा को सबसे बड़ा झटका रामपुर में लगा, जो आजम खां गढ़ माना जाता है। पिछली बार यहां से सपा की प्रत्याशी फात्मा जबीं जीतीं थीं। इस बार उनको तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। यह सीट आम आदमी पार्टी की सना खानम ने झटक ली है। 2017 में मिलक से केतकी गंगवार तो बिलासपुर के मोहम्मद हसन खां जीते थे। इन दोनों को भाजपा की दीक्षा गंगवार और चित्रक मित्तल ने हरा दिया है। पिछली बार स्वार से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रेशमा परवीन अंसारी जीती थीं। इस बार उन्होंने अपना दल (एस) के प्रत्याशी के तौर पर जीत हासिल की है। टांडा से पिछली बार मेहनाज जहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीती थीं। इस बार वो भाजपा की प्रत्याशी के रूप में मैदान में थीं, लेकिन उनको हार का सामना करना पड़ा। नगर पंचायतों में शाहबाद से पिछली बार शमा परवीन सपा के टिकट पर जीती थीं। इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया तो वो बसपा के प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गईं। उनको सपा की सुमबुल नाज ने हरा दिया है। केमरी नगर पंचायत से कांग्रेस की फात्मा बेगम लड़ी थीं। वो इस बार चुनावी मैदान में नहीं थीं। इस सीट से आम आदमी पार्टी की रफत जहां से जीत हासिल की है। 2017 के निकाय चुनाव में भाजपा को सिर्फ मसवासी नगर पंचायत में जीत हासिल हुई थी। वहां हरिओम मौर्या जीते थे। लेकिन इस बार मौर्या को हार का सामना करना पड़ा है, वहां से निर्दलीय दिनेश गोयल ने जीत हासिल की है।

### तीन निकायों में पहली बार चुनाव, दो पर सपा काबिज

इस बार जिले में तीन निकायों में पहली बार चुनाव हुए। इसमें से सैफनी और नगरपतनगर में सपा के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है, तो दढ़ियाल से निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं।

2017 में निकाय चुनाव में पार्टियों का प्रदर्शन-पार्टी, निकाय भाजपा, 01 सपा, 04 बसपा, 00 कांग्रेस, 01 आप, 00 2022 में निकाय चुनाव में पार्टियों का प्रदर्शन -पार्टी, निकाय -भाजपा गठबंधन, 03 सपा, 03 बसपा, 00 कांग्रेस, 00 आप, 02 निर्दलीय, 03

## रेलवे का समर एक्शन प्लान, 18 ट्रेनें रद्द; सूची में देखें कब तक कौन सी गाड़ी रहेगी कैंसिल



मुरादाबाद-एक बार फिर राज्यरानी, काशी विश्वनाथ, जनसेवा एक्सप्रेस समेत मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली 18 ट्रेनों को 15 मई को निरस्त रखा जाएगा। रेलवे ने गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए समर एक्शन प्लान बनाया था। यह प्लान एक मई से 30 जून तक लागू किया गया है। इसमें ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने से लेकर स्पेशल ट्रेनें चलाने का जिक्र है। इसके बावजूद रेलखंड पर कार्यों के नाम पर हर सप्ताह ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है।एक बार फिर राज्यरानी, काशी विश्वनाथ, जनसेवा एक्सप्रेस समेत मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली 18 ट्रेनों को 15 मई को निरस्त रखा जाएगा। इनमें से कुछ ट्रेनें 21 मई को भी निरस्त रहेंगी। इसका कारण मुरादाबाद-शाहजहांपुर रेलखंड पर स्थित पुल पर गर्डर से संबंधित कार्य बताया जा रहा है। इससे पहले बंथरा स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन बिछाने के लिए 13 ट्रेनों को निरस्त रखा गया है। अब 18 ट्रेनों के निरस्तीकरण के अलावा सात ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग चलाया जाएगा। चार ट्रेनों को कुछ घंटों की देरी से चलाया जाएगा। 14 व 20 मई को बरेली भुज एक्सप्रेस को एक घंटे रास्ते में रोजा जाएगा। काठगोदाम-मुरादाबाद पैसेंजर का संचालन 15 व 21 मई को रामपुर से किया जाएगा। यह जानकारी सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने दी है।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

गोरखपुर-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 20 मई को, (12332) जम्मूतवी-हावड़ा एक्सप्रेस 14 मई को, (20506) नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 21 मई को, 20504 राजधानी एक्सप्रेस 15 मई को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट होकर चलेगी। ये ट्रेनें बरेली स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। (13151) सियालदह एक्सप्रेस 14 मई को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट होकर चलेगी। यह ट्रेन रामपुर, मिलक, कलक्टरबक गंज स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। (12204) गरीबरथ एक्सप्रेस 21 मई को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट होकर चलेगी। यह ट्रेन बरेली स्टेशन पर नहीं रुकेगी। (15910) अवध असम एक्सप्रेस 14 व 20 मई को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट होकर चलेगी। यह ट्रेन बरेली स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

### देरी से चलेंगी श्रमजीवी, संपर्क क्रांति

श्रमजीवी एक्सप्रेस को नई दिल्ली से 15 व मई को तीन घंटे 20 मिनट देरी से चलाया जाएगा। संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को आनंद विहार से 15 व 21 मई को ढाई घंटे देरी से, (12524) नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस को 21 मई को नई दिल्ली से दो घंटे व (12358) अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस को अमृतसर से 15 मई को तीन घंटे 20 मिनट देरी से चलाया जाएगा।

## महापौर का चुनाव हार कर भी दिल जीत गए कांग्रेस के हाजी रिजवान कुरैशी

मुरादाबाद- छोटा कद। गोरा रंग और दरम्याना चेहरा। चेहरे पर गजब की फूर्ति और हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष के नारे का ऐलान। कांग्रेसी हाजी रिजवान कुरैशी हार कर भी जीत गए। पार्टी ने महापौर पद के लिए इन्हें दूसरी बार आजमाया, जिसमें वह पास हुए। यह दीगर है की मतों की गणित में वह फेल हो गए। लेकिन, स्वयं की कसौटी पर पास रहे। हाजी रिजवान के राजनीतिक सफर की चर्चा करें तो पांच साल के इनके प्रदर्शन की समीक्षा समीचीन हैं। कांग्रेस ने साल 2017 के चुनाव में महापौर पद का उम्मीदवार बनाया था। वह चुनाव भी हाजी रिजवान बहुत कम दिनों की तैयारी में लड़े। पद की लड़ाई में 73042 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। जबकि वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में पार्टी ने फिर इन्हें आजमाया। मुरादाबाद शहर विधान सभा सीट से प्रत्याशी बनाया। निश्चित रूप से रिजवान को यहां पटखनी मिली। तब स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा का रोड शो भी काम नहीं आया। बड़ी तैयारी और मेहनत के बाद भी रिजवान 5351 लोगों के समर्थन तक ही सीमित रहे। लेकिन, अबकी महापौर के चुनाव में इतिहास रच दिया। रिजवान ने सपा की पारंपरिक सीट की बाट लगा दी। चुनाव में अकेले दम पर 117826 लोगों का सहयोग लेकर हार कर भी जीत गए। रिजवान की इस लड़ाई में सपा का सूपड़ा साफ हो गया। यहां सपा मेयर पद के उम्मीदवार रईसुद्दीन नईमी चौथे नंबर पर खिसक गए। यानी रिजवान का झंडा इस चुनाव में दोबारा गड़ा।

### समय की नजर



कांग्रेस उम्मीदवार हाजी रिजवान कुरैशी ने कहा कि प्रशासन ने पक्षपात किया। जनता ने मुझे बेपनाह प्यार और समर्थन दिया। लेकिन, प्रशासन ने रोड़ा अटकाया। मतदान में आधार, कार्ड, पहचान पत्र और महिलाओं की जांच के नाम पर अवरोध पैदा किया गया। इसके लिए महानगर की जनता को शुक्रिया। लोगों ने प्यार से नवाजा है। मेरा मानना है कि कोशिश करने वाले की हार नहीं होती। मैं जनता के बीच था, हूं और रहूंगा।

### पांच निरक्षर पार्षद सदन में उठाएंगी लोगों की आवाज

शहर की सरकार में पांच निरक्षर पार्षद जनता की आवाज बुलंद करेंगे। महागनर के 70 वार्डों में 68 पर मतदान हुए थे। दो उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे। जिसमें एक भाजपा और दूसरी सपा की उम्मीवार रहीं। माना जाता है कि शहरी क्षेत्र में पढ़े-लिखे और संपन्न लोग रहते हैं। मगर निकाय चुनाव परिणाम की सूची और विवरण इ बात की गवाही दे रहे हैं कि अबकी महानगर के पांच निरक्षर पार्षद क्षेत्र की रहनुमाई करेंगे। जनहित के मुद्दे पर नागरिक सुविधाओं के लिए आम आदमी के हक की आवाज बुलंद करेंगे। आदर्श नगर कालोनी दो की राधा,असालतपुरा की शाजिया, जाहिद नगर की शाहीन परवीन, शाहपुर तिगरी की फूलवती और बरबलान की नफीस जहां का पढ़ाई - लिखाई से वास्ता नही रहा है। तीन अनपढ़ कांग्रेस, एक भाजपा और एक निर्दल उम्मीदवार के रूप में पार्षद चुनी गयीं हैं। सभी महिलाएं हैं।

### मुस्लिम क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी का हो गया सफाया

समाजवादी पार्टी का गढ़ कहे जाने वाले महानगर से सपा का सूपड़ा साफ हो गया। मुस्लिम क्षेत्रों में कांग्रेस के पार्षद पद के उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया है। राजनीतिक समीक्षक निकाय चुनाव में छोटे-बड़े पर एक ही फार्मूला चला है। महापौर पद पर कांग्रेस उम्मीदवार के शोर में पार्टी के कई कमजोर प्रचार-प्रसार वाले पार्षद पद के उम्मीदवार भी कामयाब हो गए हैं। निर्वाचन विभाग की रिपोर्ट की मानें तो कांग्रेस के 22 पार्षद जीते हैं, जबकि साल 2017 के चुनाव में कुल 10 पार्षद कामयाब हो सके थे। पीरगैब, आजाद नगर, काजीपुरा, बारादरी, दौलतबाग, किसरौल, लाकड़ी बालान, कटरा बंशीधर, चौमुखापुल, ईदगाह, असालत पुरा, डहरिया, असालत पुरा भूड़ा, जाहिद नगर, मुकर्बपुर, लालनगरी, जामा मस्जिद, रहमतनगर, बाड़ाशाह शफा,मुगलपुरा और मुफ्तीपुरा से कांग्रेस के पार्षद जीते हैं। यह क्षेत्र कभी समाजवादी पार्टी के गढ़ के रूप में स्थापित रहा है। इस बार 68 वार्ड के चुनाव में सपा के महज तीन पार्षद जीते हैं। जबकि पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीरीगुल निर्विरोध निर्वाचित घोषित हैं। करूला क्षेत्र के के कई सपा पार्षद कांग्रेस की लहर में अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं।

## 42 साल तक रहा रामपुर में आजम खान का दबदबा, नहीं बचा पाए बेटे अब्दुल्ला का किला; आप ने किया ध्वस्त

रामपुर- सपा के महासचिव आजम खां को स्वार विधानसभा सीट के उपचुनाव में तो मात मिली ही है, वह निकाय चुनाव में भी अपना राजनीतिक घर नहीं बचा पाए। जिस शहर से वह 10 बार विधायक चुने गए, उसी शहर में उनकी पार्टी मुख्य मुकाबले से भी बाहर हो गई। रामपुर नगरपालिका चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सना खानम ने बाजी मारी है। सपा तीसरे स्थान पर रही है। आजम खां का रामपुर की राजनीति में करीब 42 साल दबदबा रहा है। 1980 में पहली बार वह शहर विधायक चुने गए। तब से 10 बार विधायक बने। 1996 में वह चुनाव हार गए तो उन्हें राज्यसभा सदस्य बना दिया। प्रदेश में जब भी सपा की सरकार बनी, तब वह कई-कई विभागों के मंत्री रहे, प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष भी रहे। रामपुर से लोकसभा सदस्य भी चुने गए। उनकी पत्नी डा. तजीन फात्मा भी राज्यसभा सदस्य रहीं। बेटे अब्दुल्ला भी दो बार स्वार सीट से विधायक चुने गए। इतना बड़ा सियासी घराना होने के बावजूद आजम खां के शहर में ही सपा निकाय चुनाव हार गई। हालांकि पांच निकायों में सपा प्रत्याशी विजयी हुए हैं, लेकिन आजम की सीधी प्रतिष्ठा रामपुर पालिका से जुड़ी थी। रामपुर नगरपालिका में सपा की हार के कई कारण रहे। प्रत्याशी चयन को लेकर भी लोगों में नाराजगी थी।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# BJP पार्षद के पति से तंग आकर युवती ने लगाई आग, वहीं खड़ा भाई बनाता रहा वीडियो, दिल दहलाने वाला मंजर वायरल




शाहजहांपुर के थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी सुंदरलाल की 30 वर्षीय बेटी सरोज यादव ने रविवार को अपने ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा ली। जबकि उसका भाई संजीव पास में खड़ा वीडियो बना रहा था। पीड़ित पक्ष ने नवनिर्वाचित पार्षद प्रतीक्षा के पति पवन गुप्ता पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने नवनिर्वाचित पार्षद प्रतीक्षा के पति पवन गुप्ता पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि युवती के पिता सुंदरलाल यादव व पवन के बीच कुएं की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सुंदरलाल यादव व पवन के बीच कुएं की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। रविवार को कुएं में पूजा करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था।

सूचना पर आरसी मिशन पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई थी। वहीं घर के बाहर सरोज ने अपने ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा ली। आग की लपटों से घिरने के बाद उसे गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी ओर मामले की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें सरोज यादव आग लगा रही, जबकि उसका भाई संजीव वीडियो बना रहा है। सरोज यादव को लखनऊ रेफर किया गया है। सीओ सिटी बीएस वीर कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद चला आ रहा है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# ईश्वर हर जगह उपस्थित नहीं हो सकते, इसीलिए उसने माँ को बनाया - मौसुमी शर्मा




प्रदीप कुमार गुप्ता

